रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर

क्रमांक/परीक्षा/2024/2061

जबलपुर दिनांक 10/7/2024

अधिसूचना

अधिसूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से संबंद्ध समस्त शासकीय अशासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्र/छात्राए जो बी.ए./बी.एससी./बी.काम./बी.काम. आनर्स तृतीय वर्ष एवं बी.बी.ए./बी.सी.ए. प्रथम/द्वितीय/तृतीय वर्ष की मुख्य परीक्षा मार्च-अप्रेल 2024 की परीक्षा मे सम्मिलित हुए थे किन्तु परीक्षा परिणाम में पूरक घोषित किया गया है ऐसे छात्र/छात्राए बी.ए./बी.एससी./बी.काम. तृतीय वर्ष एवं बी.बी.ए./बी.सी.ए. प्रथम/द्वितीय/तृतीय वर्ष (NEP)अगस्त 2024 पूरक प्रथम अवसर के परीक्षा आवेदन पत्र एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से भराये जाने की तिथि शुल्क विवरण के साथ निम्नानुसार घोषित किया जाता है:-

तिथियां :-

आन लाईन आवेदन पत्र जमा करने की तिथि	12.07.2024 से 19.07.2024 तक
विलंब शुल्क 100/- के साथ	22.07.2024 तक
विलंब शुल्क 750/- के साथ	25.07.2024 तक

परीक्षा प्रारंभ होने के सात दिवस पहले से एवं परीक्षा तिथि से एक दिवस पूर्व तक विशेष विलंब शुल्क 2000/- देय होगी ।

परीक्षा शुल्क का विवरण:-

	पूरक (एक विषय)
1. बी.ए./बी.काम./बी.काम. आनर्स तृतीय वर्ष	1530/-
2. बी.एससी. तृतीय वर्ष	1650/-
3. बी.बी.ए./बी.सी.ए. प्रथम/द्वितीय/तृतीय वर्ष	2240/-

टिप्पणी :-एक से अधिक विषय में पूरक होने पर संपूर्ण परीक्षा शुल्क देय होगी।

1. महाविद्यालय अपने यहां प्रत्येक प्रवेशित छात्रों के परीक्षा सचालन शुल्क 200/-रूपये एवं अग्रेषण शुल्क 50/- रूपये कुल 250/- रूपये महाविद्यालय स्तर पर जमा करवायेगा। तथा परीक्षा संचालन शुल्क 120/- रू. निर्धारित परीक्षा केन्द्र में जमा करायेंगे।
2. विद्यार्थी अपने आनलाईन आवेदन प्रदत्त अनुक्रमांक (Roll No.) के आधार पर एम.पी.आनलाईन के क्योस्क के माध्यम से उपर उल्लेखित निर्धारित शुल्क का भुगतान कर परीक्षा आवेदन पत्र जमा कर सकेंगे तथा online आवेदन की हार्ड कापी पूर्व परीक्षा की अंकसूची के साथ महाविद्यालय में जमा करें।
3. महाविद्यालय छात्र/छात्राओ की पात्रता निर्धारण करते हुए आनलाईन परीक्षा आवेदन पत्रों को अपने स्तर पर अनुमोदित (Approvel) करेंगे तथा सूची के साथ हार्ड कापी एवं मूल प्रमाणपत्रों की छायाप्रति के साथ विश्वविद्यालय मे जबलपुर स्थानिय महाविद्यालय दिनांक 26 जुलाई, 2024 तक एवं कटनी, नरसिंहपुर, मंडल, डिण्डोरी जिले में स्थित महाविद्यालय दिनांक 29 जुलाई 2024 तक आवश्यक रूप से संबंधित कार्य सहायकों के पास जमा करेंगे। अंतिम तिथि के पश्चात् रू0 100/- विलंब शुल्क देय होगा ।
4. परीक्षा आवेदन पत्र भरने के उपरांत सी.सी.ई. एवं प्रेक्टिकल की लिंक विश्वविद्यालय द्वारा खोली जावेगी । सी.सी.ई. एवं प्रेक्टिकल के अंक आनलाईन भरने पर ही स्वीकार होगें । विश्वविद्यालय प्रशासनिक निर्णयानुसार दिये गये अंकों मे कोई भी संशोधन स्वीकार नहीं होगा ।

प्राचार्य/विद्यार्थियो के लिए आवश्यक निर्देश :-

विश्वविद्यालय से संबंद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो को सूचित है कि आपके महाविद्यालय/विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग मे एवं अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थियों को **ABC (Acadmic Bank of credit एवं Swayam Portal)** पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है ।

रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात् छात्र/छात्राओं को प्राप्त आई.डी. नम्बर को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर की वेबसाइट **rdvv.mponline.gov.in** की **ABC (Acadmic Bank of credit एवं Swayam Link)** पर अपडेट करना भी अनिवार्य है । उसके पश्चात् ही छात्र/छात्राए परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगें ।

आदेशानुसार,

परीक्षा नियंत्रक 10/7/24
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,जबलपुर

पृ.क./परीक्षा/2024/2061 ''अ''

जबलपुर दिनांक 10/7/2024

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत :-

1. प्राचार्य समस्त संबद्ध महाविद्यालय रा.दु.वि.वि. जबलपुर ।
2. परीक्षा नियंत्रक रा0दु0वि0वि0, जबलपुर ।
3. उप-कुलसचिव/सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय) रा.दु.वि.वि. जबलपुर।
4. प्रभारी नोडल सेंटर एम.पी.आनलाइन रा.दु.वि.वि.जबलपुर ।
5. प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र विश्वविद्यालय बेबसाईट पर अपलोड करे।
6. प्रभारी मुद्रणालय/सुदृढ कक्ष रा.दु.वि.वि. जबलपुर।
7. माननीय कुलपतिजी/कुलसचिवजी के निजी सहायक रा.दु.वि.वि. जबलपुर।

उप-कुलसचिव (परीक्षा)
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,जबलपुर